कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री जितेन्द्र जैन पुत्र श्री बाबूलाल जैन निवासी बौंली का बाजार, लालसोट जिला दौसा राजस्थान– 303503

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उप पंजीयक लालसोट

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 39/2025

निर्णय

दिनांक 20.06.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक लालसोट से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा व उप पंजीयक लालसोट जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रश्नात्मक है जो लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक लालसोट से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा व उप पंजीयक लालसोट को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/1305.06 दिनांक 23.5.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी उप पंजीयक लालसोट की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील मीमो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गइ सूचना प्रश्नात्मक होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत देय नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलेक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:46:12 IST
Reason: SelfAttested